Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 17-08-2006

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

>

Title: Need to enhance the transmission capacity of relay centers of Doordarshan and Akashwani for the people residing in rural areas of Alwar, Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अलवर के ग्रामीण इलाकों में दूरदर्शन व आकाशवाणी की से वाएं बहुत ही नगण्य एवं प्रारम्भिक अवस्था में हैं। दूरदर्शन रिले केन्द्र वर्तमान में अलवर व उसके निकट कोटपूतली कस्बे में है। मेरा क्षेत्र अरावली पहाड़ियों से घिरा हुआ है, जिसकी वजह से थानागाजी, बहरोड़, बांसुर, मुण्डावर आदि क्षेत्रों में दूरदशन के पूरे सिग्नल नहीं पहुंच पाते हैं और दूरदर्शन प्रसारण बहुत धुंधले नजर आते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मनोरंजन और जानकारियों से वंचित रहना पड़ता है।

महोदय, ग्रावं का साधारण परिवार ब्लैक एण्ड व्हाइट टीवी तो एफोर्ड कर सकता है, लेकिन केबल ऑपरेटर को दिए जाने वाला मासिक किराया नहीं। दूरदर्शन ही इनके मनोरंजन व सूचना का साधन है।

अतः मेरा निवेदन है कि अलवर में हाई पावर रिले ट्रांसमीटर लगाया जाए तथा थानागाजी, बहरोड़, मण्डावर और बांसुर में अलग से रिले केन्द्र स्थापित किए जाएं ताकि लोगों को सुविधा मिल सÉBÉEä[lh90][c91]। [m92] ठीक इसी तरह आकाशवाणी की तरंगें भी पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण नहीं पहुंच पाती हैं। वर्तमान में जो आकाशवाणी का रिले टावर है, वह धरातल पर आकाश वाणी केन्द्र में लगा हुआ है। इस टावर को यदि अलवर में पहाड़ी के ऊपर बाला किले में लगा दें तो अलवर आकाशवाणी केन्द्र के रोचक कार्यक्रम मेरे क्षेत्र के बहरोड़, बानसूर, मुण्डावर और थानागाजी के सभी गांवों को प्राप्त हो सकेंगे।

अतः मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहूंगा कि आकाशवाणी और दूरदर्शन के केन्द्र वहां स्थापित करें।